नाम : ______________________ अनुक्रमांक : ______________________

**C/5,000**

# अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा, 2026-27

# गृह विज्ञान

# कक्षा -10

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 70

**निर्देश**—(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभाजित है—खण्ड-'अ' एवं खण्ड-'ब'।

(iii) खण्ड-'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न दिए गए हैं।

(iv) खण्ड-'ब' में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं, इसमें अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय तथा दीर्घ उत्तरीय—तीन प्रकार के प्रश्न दिए गए हैं।

## खण्ड-'अ'

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**नोट—निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार OMR आन्सर शीट पर अंकित कीजिए—** $20 \times 1 = 20$

1. बजट की मूलभूत आवश्यकताएँ क्या हैं ? 1

(A) भोजन (C) वस्त्र

(B) आवास (D) इनमें से सभी

2. निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु पूँजी नहीं है ? 1

(A) दस का नोट (C) फैक्टरी भवन

(B) टैक्सी (D) औजार

3. गृह-सज्जा का आवश्यक तत्व है— 1

(A) उपयोगिता (C) अभिव्यक्ति

(B) सुन्दरता (D) इनमें से सभी

4. एक किलो सेब का दाम ₹ 32 है तो 250 ग्राम सेब का दाम क्या होगा ? 1

(A) ₹ 8 (C) ₹ 44

(B) ₹ 35 (D) ₹ 70

5. $H_2O$ का तात्पर्य है— 1

(A) विद्युत (C) हवा

(B) पानी (D) आग

6. जल क्या है ? 1

(A) मिश्रण (C) न मिश्रण न यौगिक

(B) यौगिक (D) तत्व

7. कठोर जल में कौन-से लवण घुले रहते हैं ? 1

(A) आयरन (C) फॉस्फोरस

(B) कैल्सियम (D) पोटैशियम

8. अतिसार रोग अधिक फैलता है— 1

(A) बरसात में (B) जाड़े में

(C) गर्मी में (D) इन तीनों में

9. ओजोन परत के ह्रास के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी पदार्थ है— 1

(A) सी.एफ.सी. (C) डी.डी.टी.

(B) $CH_4$ (D) $O_3$

10. विश्व पर्यावरण दिवस किस दिन मनाया जाता है ? 1

(A) 1 जून (C) 12 जून

(B) 5 जून (D) 18 जून

11. भूस्खलन के कारण हैं— 1

(A) औद्योगीकरण (C) वनों की कटाई

(B) नगरीकरण (D) इनमें से सभी

12. संक्रामक रोगों से बचाव किया जा सकता है— 1

(A) प्रातःकाल धूप में बैठकर (C) नियमित व्यायाम द्वारा

(B) सन्तुलित आहार द्वारा (D) टीकाकरण द्वारा

13. उत्तम स्वास्थ्य का प्रतीक है— 1

(A) सुन्दर बाल (C) मजबूत माँसपेशियाँ

(B) चमकती आँखें (D) इनमें से सभी

14. निम्न में से कौन-सा पदार्थ रासायनिक विसंक्रमक नहीं है ? 1

(A) चूना (C) पोटैशियम परमैग्नेट

(B) ब्लीचिंग पाउडर (D) जलाना

UPBoardHub

15. वाहन का पंजीयन कौन करता है ? 1

(A) जिलाधिकारी (C) उपजिलाधिकारी

(B) परिवहन प्राधिकरण अधिकारी (D) तहसीलदार

16. कौन-सी वस्तु सिलाई-किट में नहीं रखी जाती ? 1

(A) धागा (C) कैंची

(B) सुईयाँ (D) सिलाई मशीन

17. सिलाई के सामान रखने के डिब्बे को कहते हैं— 1

(A) बक्सा (C) ट्रे

(B) सिलाई मशीन (D) सिलाई-किट

18. पारिवारिक बजट का सिद्धान्त प्रस्तुत किया— 1

(A) मेण्डल ने (C) अरस्तू ने

(B) ऐंजिल्स ने (D) बैन्जामिन ने

19. कूड़ा करकट नष्ट करने के उपाय हैं— 1

(A) जलाकर (C) छाँटकर उसका उपयोग

(B) खाद बनाकर (D) इनमें से सभी

20. 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' किस दिन मनाया जाता है ? 1

(A) 21 जून (C) 25 जून

(B) 20 जून (D) 28 जून

## खण्ड-'ब'

UPBoardHub

# (वर्णनात्मक प्रश्न)
# (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

**निर्देश—प्रश्न संख्या 21 से 26 तक अति लघु उत्तरीय हैं, जिनके प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 25 शब्दों में दीजिए—**

21. बजट बनाना क्यों आवश्यक है ?
22. वैक्यूम क्लीनर का क्या कार्य है ?
23. शरीर के लिए जल क्यों उपयोगी है ?
24. हैजा से बचने के कोई दो उपाय लिखिए।
25. वृक्ष पर्यावरण को कैसे शुद्ध करते हैं ?
26. विषाक्त भोजन से क्या तात्पर्य है ?

# (लघु उत्तरीय प्रश्न)

**निर्देश—प्रश्न संख्या 27 से 31 तक लघु उत्तरीय हैं, जिनके प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए—**

27. आय-व्यय में सन्तुलन बनाये रखने के लिए गृहणी को क्या करना चाहिए ? 4

**अथवा**

जीवन बीमा के उद्देश्य एवं लाभ लिखिए।

28. गृह-सज्जा के मुख्य साधन कौन-कौन से हैं ? 4

**अथवा**

आदर्श कुएँ की चार विशेषताएँ लिखिए।

29. अशुद्ध जल का स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है ? 4

**अथवा**

पर्यावरण संरक्षण के लिए जनता को कैसे जागरूक करेंगे ?

30. संक्रामक रोग किसे कहते हैं ? ये कैसे फैलते हैं ? 4

UPBoardHub

**अथवा**

नि:संक्रामक पदार्थों की व्याख्या कीजिए।

31. ड्राइविंग लाइसेन्स के प्रकार लिखिए। 4

**अथवा**

घर में वस्त्र धोने से क्या लाभ हैं ? वस्त्रों को धोने से पहले क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए ?

## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

**निर्देश—प्रश्न संख्या 32 से 34 तक दीर्घ उत्तरीय हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में लिखिए—**

32. पारिवारिक बजट से क्या अभिप्राय है ? पारिवारिक बजट बनाने के क्या सिद्धान्त हैं ? 6

**अथवा**

घर में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालिए।

33. "जल ही जीवन है। इसका मूल्य पहचानें। इसे बर्बाद न करें।" संक्षेप में लिखिए। 6

**अथवा**

हैजा रोग कैसे फैलता है ? इस रोग के लक्षण तथा बचाव के उपाय का वर्णन कीजिए।

34. पर्यावरण प्रदूषण से आप क्या समझते हैं ? इसके हानिकारक प्रभावों को रोकने के बारे में लिखिए। 6

**की आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹-20₹ प्रति पेपर Rewad Pa Skte H**